हिन्दुस्तान
नई दिल्ली • रविवार • 13 सितंबर 2020 02

# लैंड पूलिंग योजना में बदलाव की तैयारी

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से बहुचर्चित लैंड पूलिंग योजना में बदलाव की तैयारी की जा रही है। आने वाले दिनों में लैंड पूलिंग पॉलिसी में बदलाव के लिए डीडीए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा।

लैंड पूलिंग पॉलिसी के तहत विकसित की जाने वाली जमीन को लेकर तय की गई समय सीमा को लेकर डीडीए बदलाव करने पर विचार कर रहा है। मौजूदा समय में दिल्ली की लैंड पूलिंग पॉलिसी के तहत डीडीए को किसानों की ओर से बेहतर रेस्पांस नहीं मिल रहा है। इसी को देखते हुए पॉलिसी में बदलाव करने की तैयारी है।

दिल्ली में लैंड पूलिंग पॉलिसी के तहत भूमि को विकसित करने के लिए मौजूदा समय में पांच वर्ष का समय तय किया गया है। पॉलिसी के ठंडे रिस्पांस को देखते हुए विकास प्राधिकरण इस समय सीमा को बढ़ाना चाहती है। डीडीए अधिकारियों ने बताया कि अभी तक पॉलिसी को लेकर निजी डेवलपर और किसान दोनों की ओर से बेहतर प्रतिक्रिया नहीं मिली है, ऐसे में पॉलिसी में कुछ बदलाव आवश्यक हैं।